**CS (MAIN) EXAM:2018** **वियोज्य DETACHABLE**

# भूगोल (प्रश्न-पत्र II)

# GEOGRAPHY (Paper II)

| | |
|---|---|
| निर्धारित समय : तीन घण्टे<br>Time Allowed : Three Hours | अधिकतम अंक : 250<br>Maximum Marks : 250 |

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

**कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें।**

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो दो खण्डों में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** एवं **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दें।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए।

जहाँ आवश्यक हो, अपने उत्तर को उपयुक्त चित्रों/मानचित्रों तथा आरेखों द्वारा दर्शाएँ।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए।

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

**Please read each of the following instructions carefully before attempting questions.**

There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.

Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Illustrate your answers with suitable sketches/maps and diagrams, wherever considered necessary.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

## खण्ड 'A' SECTION 'A'

1.(a) आप को दिए गए भारत के रेखामानचित्र पर निम्नलिखित सभी की स्थिति को अंकित कीजिए। अपनी क्यू.सी.ए. पुस्तिका में इन स्थानों में से प्रत्येक का भौतिक/वाणिज्यिक/आर्थिक/पारिस्थितिक/पर्यावरणीय/सांस्कृतिक महत्त्व अधिकतम **30** शब्दों में लिखिए :

On the outline map of India provided to you, mark the location of all of the following. Write in your QCA Booklet the significance of these locations, whether physical/commercial/economic/ecological/environmental/cultural, in not more than **30** words for each entry : 2×10=20

(i) श्योक नदी
Shyok River

(ii) मौलिन्नोंग
Mawlynnong

(iii) श्रावस्ती
Shravasti

(iv) कोरी संकरी खाड़ी
Kori Creek

(v) अमरकंटक
Amarkantak

(vi) घाटशिला
Ghatshila

(vii) तवांग
Tawang


(viii) नेय्यार
Neyyar

(ix) दान्डेली
Dandeli

(x) मुल्शी झील
Mulshi Lake

# INDIA

WITH AFGHANISTAN, BANGLADESH, BHUTAN, NEPAL, MYANMAR (BURMA), PAKISTAN AND SRI LANKA



1.(b) पूरे भारत में वर्ष 2018 की मॉनसून-पूर्व अवधि में आँधी-अंधड़ों एवं तड़ित-झंझाओं की असामान्य उग्रता की व्याख्या कीजिए।

Explain the unusual intensity of dust storms and thunder storms across India in the pre-monsoon period of year 2018. 10

1.(c) भारत में जल प्रबंधन बोर्डों की स्थापना करना किस कारण एक विवादित विषय है ?

Why setting up of Water Management Boards is a controversial issue in India? 10

1.(d) हाल ही में हुए विकासों के मद्दे नज़र, भारत के ऊर्जा संकट का निवारण ग़ैर-परम्परागत ऊर्जा संसाधनों के उपयोग से किस प्रकार किया जा सकता है ?

Keeping the recent developments in view, how can the energy crisis of India be circumvented by harnessing non-conventional energy resources? 10

2.(a) प्रायद्वीपीय भारत के उत्तर-पश्चिमी लावा पठार तथा छोटानागपुर पठार के भौगोलिक प्रारूपों में विभेदन कीजिए।

Distinguish the geographical aspects of North-Western lava plateau and Chotanagpur plateau of peninsular India. 20

2.(b) भारत में द्रुत नगरीकरण के सन्दर्भ में, समकालीन कृषि परिदृश्य की व्याख्या कीजिए।

Explain the contemporary agricultural scenario in the context of rapid urbanization in India. 15

2.(c) भारत में संधारणीय आर्थिक विकास हेतु विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एस.ई.ज़ेड्स.) की उपयुक्तता का आकलन कीजिए।

Assess the suitability of Special Economic Zones (SEZs) for the sustainable economic development in India. 15

3.(a) भारत में चल रहे कृषि विविधीकरण के प्रक्रम का और खाद्य सुरक्षा में उसके निहितार्थों का परीक्षण कीजिए।

Examine the ongoing process of agricultural diversification and its implications for food security in India. 20

3.(b) भारत के दुराग्रही ऋणात्मक व्यापार संतुलन का कारण बतलाइए ।

Account for the persisting negative trade balance of India. 15

3.(c) भारत की विलुप्त होती हुई नृजातीय भाषाई बहुलता का समालोचनात्मक आकलन कीजिए ।

Critically assess the vanishing ethnic linguistic plurality of India. 15

4.(a) भारत के दस लाख से अधिक के नगरों की परिवर्तित होती हुई नगरीय आकारिकी के प्रेरक बलों का परीक्षण कीजिए ।

Examine the driving forces of changing urban morphology of million-plus cities of India with suitable examples. 20

4.(b) हिन्द महासागरीय परिमण्डल के उभरते हुए भू-राजनैतिक परिदृश्य की विवेचना कीजिए ।

Discuss the emerging geo-political scenario of Indian Ocean realm. 15

4.(c) भारत में संधारणीय (सस्टेनेबल) पर्यटन संबंधी प्रदेश विशिष्ट बाध्यताओं का एक समालोचनात्मक विवरण दीजिए ।

Give a critical account of region specific constraints of sustainable tourism in India. 15

## खण्ड 'B' SECTION 'B'

5. निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में लिखिए ।

Answer the following questions in about 150 words each : 10×5=50

5.(a) भारत से अन्तर्राष्ट्रीय प्रवासियों के पीछे छुटे हुए परिवारों से संबंधित सामाजिक-आर्थिक समस्याओं की विवेचना कीजिए ।

Discuss the socio-economic problems associated with the left behind families of international migrants from India. 10

5.(b) भारत में परिवर्तनशील नदी मार्गों को और तटवर्ती जनसंख्या पर उनके प्रभावों को उपयुक्त उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए ।

Explain the changing river courses and their impacts on the riparian population in India with suitable examples. 10

5.(c) भारत में नदी जल की गुणता को प्रभावित करने वाले कारकों का एक समालोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए।

Make a critical appraisal of the factors affecting river water quality in India. 10

5.(d) भारत में सफल विकेंद्रित आयोजना में लोगों की सहभागिता की भूमिका की जांच कीजिए।

Examine the role of people's participation in successful decentralised planning in India. 10

5.(e) भारत में हाल ही में उपस्थित निपाह वाइरसी इंसेफॅलाइटिस के सामाजिक-स्थानिक परिणामों का वर्णन कीजिए।

Describe the socio-spatial consequences of the recent Nipah viral encephalitis in India. 10

6.(a) भारत में जल एवं वनस्पति के संरक्षण का संवर्धन करने में शुरु किए गए प्रयत्नों को उपयुक्त उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए।

Illustrate with suitable examples the endeavours undertaken in augmenting conservation of water and vegetation in India. 20

6.(b) भारत में द्वीपीय प्रदेशों के एकीकृत विकास की रणनीतियों की विवेचना कीजिए।

Discuss the strategies of integrated development of island territories in India. 15

6.(c) भारत में सीमावर्ती क्षेत्र के विकास पर सीमा पार आतंकवाद का प्रभाव पड़ता है। उपयुक्त उदाहरणों सहित इसका परीक्षण कीजिए।

Cross border terrorism has implications on border area development in India. Examine it with suitable examples. 15

7.(a) भारत में आरपार पाइपलाइन के जाल तंत्र को और प्रादेशिक विकास पर उसके प्रभाव को स्पष्ट कीजिए।

Explain the pipeline network across India and its impact on regional development. 20

7.(b) भारत के प्रमुख समुद्री पत्तनों में से होने वाले अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के परिवर्तनशील संघटन की विवेचना कीजिए ।

Discuss the changing composition of international trade through major seaports of India. 15

7.(c) परि-नगरीकरण ने बृहत् पर्यावरणीय समस्यायों को उत्पन्न कर दिया है । भारत के राष्ट्रीय राजधानी प्रदेश (एन.सी.आर.) के सन्दर्भ में, उनके कारणों एवं परिणामों की विवेचना कीजिए ।

Peri-urbanization has created enormous environmental problems. Discuss their causes and consequences with reference to the National Capital Region (N.C.R.) of India. 15

8.(a) भारत में ग्रामीण बस्तियों की परिवर्तनशील प्रादेशिक आकारिकी का वर्णन कीजिए ।

Describe the changing regional morphology of rural settlements in India. 20

8.(b) भारत में आर्थिक संवृद्धि को प्रोत्साहन देने में स्टार्टअप महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं । उदाहरण के साथ स्पष्ट कीजिए ।

Startups may play important role in giving fillip to economic growth in India. Illustrate with examples. 15

8.(c) क्या अपने पड़ोसी देशों के साथ भारत की भू-सीमा एक सांस्कृतिक विभाजक है अथवा विभाजित संस्कृति है ? उपयुक्त उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए ।

Is the land boundary of India with its neighbouring countries a cultural divide or divided culture ? Explain with suitable examples. 15